भारतीय खेल प्राधिकरण

नराकास सचिवालय

फा.सं.: भाखेप्रा/नराकास/2026-27/ 591 - 662 **दिनांक: 08.07.2026**

सेवा में,

समस्त कार्यालय प्रमुख,
सदस्य कार्यालय, नराकास
दक्षिण दिल्ली-2

विषय : राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित हिंदी दिवस, 2026 एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, मुंबई, महाराष्ट्र में किए जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में दिनांक 29 जून, 2026 को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1 (दिल्ली) के पत्र संख्या 19/हिंदिअभारास/2026-उ.क्षे.का.का.-1(दि.)/400-514, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार का कार्यालय ज्ञापन दिनांक 16 जून, 2026 फा.सं. 12016/06/2026-रा.भा.(का.2) तथा सचिव, राजभाषा विभाग, गृ.मं., भारत सरकार का दिनांक 11 जून, 2026 अ.शा.पत्र.सं. 11034/06/2026-राजभाषा(नीति) के अनुसार हिंदी दिवस, 2026 एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन **माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह** की **अध्यक्षता** में दिनांक **14 एवं 15 सितम्बर, 2026 को सिडको एग्जीबिशन सेंटर, नवी मुंबई, महाराष्ट्र** में किया जाएगा। **(प्रति संलग्न)**

इस संबंध मे अनुरोध है कि आप अपने कार्यालय से राजभाषा कार्य से जुड़े अधिकारी/कर्मचारी/प्रतिनिधि को उक्त सम्मेलन में सहभागिता हेतु नामित करें तथा यह सुनिश्चित करें कि नामित प्रतिभागी अपने कार्यालय से प्रशासनिक अनुमति प्राप्त करने के उपरांत राजभाषा विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.gov.in पर उपलब्ध लिंक https://164.100.54.224/hds2026 के माध्यम से अपना निःशुल्क पंजीकरण समयबद्ध रूप से कर लें। पंजीकरण के बिना सम्मेलन में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। प्रतिभागी सम्मेलन के दोनों दिवसों के सभी सत्रों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के यात्रा एवं दैनिक भत्तों का वहन आपके कार्यालय द्वारा नियमानुसार किया जाएगा।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

गी पाराशर 08/07/26

(डॉ. गीता पाराशर)
निदेशक/प्रभारी (राजभाषा)

संलग्न : यथोपरि

प्रतिलिपि:

1. महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण
2. सचिव, भाखेप्रा के अनुभाग अधिकारी
3. कार्यकारी निदेशक, राजभाषा
4. संयुक्त निदेशक, राजभाषा, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय – 1(दिल्ली)
5. सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग – अपलोड हेतु
6. मास्टर फ़ोल्डर

गी पाराशर 08/07/26

(डॉ. गीता पाराशर)
निदेशक/प्रभारी (राजभाषा)